UPSI180027942023

न्यायालय Civil Judge Junior Division, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Sushri Akshita Singh), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730

मूलवाद सं० Civil Suit/288/2023

jagannath and others Vs. rajbahadur and others

20.07.2023

वादीगण द्वारा **श्री मनोहरलाल सिंह एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **निरस्तीकरण बैनामा व स्थाई निषेधाज्ञा** प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादीगण पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 19.08.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादी/प्रार्थीगण द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि भूमि नम्बर 688 रक्बा 0.415 हे0 स्थित ग्राम सिरकुण्डा परगना सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर वादीगण एवं प्रतिवादी सं0 2 ता 4 के नाम राजस्व अभिलेखों में बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है जिसमें वादीगण का 2/5 भाग है जिसमें वादीगण के धान की फसल लगी है। प्रतिवादी सं0 1 ने वादीगण से विवादित भूमि को क्रय करने की बात की तथा दि0 28.06.2023 को वादीगण को तहसील ले गया और पूर्व योजना के तहत विक्रय पत्र तैयार करवा कर वादीगण से कहा कि 20,000 रू0 घर पर दे देगें तथा शेष रकम चेक द्वारा आपके खाते में भेज देगें। इस विश्वास पर प्रतिवादी सं0 1 ने वादीगण से विक्रय–पत्र का पंजीयन करा लिया। बाद में प्रतिफल की धनराशि अदा नहीं की। अब बैनामा दिनांकित 28.06.2023 के आधार पर प्रतिवादी सं0 1 वादीय भूमि पर कब्जा कर लेना चाहता है। अतः प्रतिवादी सं0 1 को निषेधित किया जाये। वादीगण की ओर से सूची से नकल बैनामा, नकल खतौनी दाखिल किया गया है।

वादीगण की ओर से किये गये अभिकथनों व दाखिल प्रपत्र से विदित होता है कि प्रतिवादी सं0 1 के पक्ष में भूमि सं0 688 का बैनामा हो चुका है। इसकारण इस स्तर पर वादीय स्थल का वादीगण का विर्निदिष्ट अध्यासन स्पष्ट न होने के कारण बिना प्रतिवादी/विपक्षी को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

आदेश

विपक्षी/प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। प्रार्थीगण पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 03.08.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थी/वादीगण की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। न्यायालय अमीन/कमिश्नर को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। वादीगण पैरवी करे। बाद पैरवी कमिश्नर नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Akshita Singh
Date: 2023.07.20 17:35:08 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M.
Mahmudabad, Sitapur.